-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 29.10.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **"सही त्यौहार तभी जब परिवार हो साथ" के उद्देश्य से बांदा पुलिस परिवार परामर्श केंद्र ने रिकॉर्ड 136 परिवारों को टूटने से बचाया। परिवारों में आपसी मतभेद बुलाकर कराया गया सुलह समझौता। परिवारों को पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में मिठाई देकर दीपावली की दी गई शुभकामनाएं।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में बांदा पुलिस के परिवार परामर्श केंद्र टीम ने समाज में परिवारों को एकजुट रखने के उद्देश्य से एक विशेष पहल के तहत 136 परिवारों में सुलह समझौता कराया है। इन परिवारों के बीच उत्पन्न हुए विवादों को आपसी सहमति और सामंजस्य से सुलझाते हुए उन्हें अलगाव से बचाने का कार्य किया गया। आज दिनांक 29.10.2024 को इन सभी परिवारों को पुलिस लाइन बांदा में आमंत्रित कर अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज तथा क्षेत्राधिकारी नरैनी श्रीमती अंबुजा त्रिवेदी द्वारा मिष्ठान्न व उपहार भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत सभी परिवारों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना आदि के बारे में जानकारी दी तथा उनके फॉर्म भी भरवाए गए साथ ही महिलाओं, बच्चों और अन्य जरूरतमंद वर्गों की सुरक्षा और सहायता के लिए उपलब्ध विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी परिवार आवश्यक सहायता और परामर्श प्राप्त कर सकें, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान हो और वे एक बेहतर जीवन जी सकें। बांदा पुलिस द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सभी परिवारों ने दीपावली के इस विशेष अवसर पर एक साथ मिलकर अपने भविष्य की ओर सकारात्मक दृष्टिकोण से आगे बढ़ने की आशा व्यक्त की साथ ही सभी परिवारों ने उनके रिश्ते बचाने के लिए बांदा पुलिस को हृदय से धन्यवाद दिया।